[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, सोमवार, 11 मई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 214, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

आपका कोई भी काम महत्वहीन हो सकता है पर महत्त्वपूर्ण यह है कि आप कुछ करें।

24 मई को ऐश्वर्या कॉलेज ... 02

03 ग्राम विकास चौपाल में मुख्यमंत्री ...

# कृषि, डेयरी और सहकारिता की मजबूती से गांव बनेंगे समृद्ध : सीएम भजनलाल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**पुष्कर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को पुष्कर केकड़ैल में ग्राम विकास चैपाल कार्यक्रम मेंकिसानों एवं युवाओं से संवाद किया।उन्होंने कहा कि किसान परंपरागत खेती से आगे बढ़कर आधुनिक एवं जैविक खेती को अपनाएं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो। वहीं, पशुपालन भी किसान की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि कृषि, डेयरी और सहकारिता क्षेत्र की मजबूती से हमारे गांव समृद्ध बनेंगे।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार किसानों को सम्मान निधि दे रही है। गेहूं खरीद पर 150 रुपये का बोनस भी दिया जा रहा है। प्रदेश मेंपशुपालकों को गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना एवं मंगला पशु बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। पशुओं के इलाज के लिए मोबाइल यूनिट वैन की सुविधा उपलब्ध करवाई है। प्रदेश में दूध संकलन केन्द्रों की संख्या में वृद्धि की जा रही है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना में 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा किकिसान कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर आधुनिक खेती करें। हमारी सरकार कृषकों के लिए 23 से 25 मई तक ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट का आयोजन करने जा रही है। राज्य सरकार प्रदेश में सहकारिता को मजबूत बना रही है। नए पैक्स खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के जरिए जल संरक्षण की दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में बदलावों को अपनाना बेहद जरूरी है। इसलिए स्थानीय क्षेत्र










की पैदावार के अनुसार ही प्रोसेसिंग यूनिट लगाने से किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। किसानों को खेती के साथ ही फलदार वृक्ष लगाकर अपनी आमदनी में वृद्धि करनी चाहिए। साथ ही, इससे पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में हर वर्ग के विकास से ही खुशहाली आएगी। युवाओं को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के लिए हमारी सरकार ऋण उपलब्ध करवा रही है। राइजिंग राजस्थान के एमओयू धरातल पर उतर रहे हैं। जिससे युवाओं को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्याज भंडारण के लिए हमारी सरकार अनुदान दे रही है। जिसका लाभ उठाकर फसलकी अच्छी कीमत प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पारदर्शी भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर रही है। कड़ैल गांव के ही 13 युवाओं को सरकारी पदों पर नियुक्तियां मिली हैं। वहीं, कुशल चैधरी ने आरएएस भर्ती परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त इस गांव का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कबड्डी खिलाड़ी विजय सिंह को पदक जीतने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के पश्चात कड़ैल गांव के निवासी लादू मेघवाल के घर भोजन किया और उनके परिजनों से आत्मीय मुलाकात की।

इस अवसर परकेन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चैधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, राज्य किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर. चैधरी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, विधायकअनिता भदेल, रामस्वरूप लांबा, शंकर सिंह रावतसहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री का प्रगतिशील किसानों एवं युवाओं से संवाद

मैं पूर्ण रूप से जैविक खेती कर रहा हूं। मैंने कृषि विभाग की तारबंदी योजना, ड्रिप सिंचाई योजना का लाभ लिया है। किसान अच्छी पैदावार के लिए डीएपी और यूरिया के बिना खेती करें।

**-किसान गिरधारी**

मैंने ट्यूबवैल में पानी कम होने पर कृषि विभाग से संपर्क कर फव्वारा सिंचाई को अपनाया। जिससे मैं गुलाब की खेती कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहा हूं। मुझे किसान सम्मान निधि का लाभ भी मिल रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का धन्यवाद।

**-किसान छोटू सिंह**

मैंने कृषि पर्यवेक्षक से संपर्क कर अपनी बोरवेल के लिए सोलर पंप लगवाया। जिससे मेरा बिजली का खर्च भी कम हुआ और अपनी सुविधा के अनुसार सिंचाई कर पा रहा हूं।

**-सोलर पंप लाभार्थी किसान अजीत सिंह**

एसआईटी का गठन करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद। इससे पारदर्शी भर्ती परीक्षाओं के प्रति हमारा विश्वास मजबूत बना है।

**-आरएएस टॉपर कुशल चैधरी**

मुख्यमंत्री ने युवाओं की पीड़ा को समझा। प्रदेश में आज भर्ती परीक्षाएं पारदर्शिता से आयोजित हो रही हैं। सहायक कर्मचारी भर्ती में हमारा चयन हुआ है। इसके लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद।

**-मोनिका, शक्ति, कुलदीप**

# ग्राम रथ अभियान से गांव-गांव पहुंच रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर ।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान जिलेभर में लगातार गति पकड़ रहा है। अभियान के तहत ग्राम रथों एवं कला जत्थों के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर आमजन, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं पशुपालकों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी सरल, सहज और आकर्षक तरीके से दी जा रही है।अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश चंद्र पाटीदार ने बताया कि 11 मई को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ग्राम रथों के साथ कला जत्थे भी शामिल रहेंगे, जो स्थानीय भाषा, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करेंगे।

उन्होंने बताया कि सलूंबर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेवा तलाई, भालडीया, सिंघटवाड़ा, केवड़ा, ओडा एवं बगरूचा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को कृषि, पशुपालन, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।ग्राम रथों पर लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से संबंधित लघु फिल्में, डॉक्यूमेंट्री एवं जनहित संदेश प्रदर्शित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी आसानी से समझ में आ सकेगी। वहीं लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों के जरिए आमजन को योजनाओं के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी पाटीदार ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ग्राम रथ अभियान के माध्यम से ग्रामीणों में योजनाओं के प्रति उत्साह और जागरूकता लगातार बढ़ रही है।

## सविना थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: एमडीएमए के 04 सप्लायर गिरफ्तार, 103.7 ग्राम मादक पदार्थ व कार जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सविना थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एमडीएमए सप्लाई करने वाले 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर 103.7 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए तथा एक कार जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी नगर पूर्व सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी गजवीर सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक लादू जाट मय टीम ने 09 मई 2026 को कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राजुराम पिता श्रवणराम विश्नोई उम्र 24 वर्ष निवासी विश्नोइयों की ढाणी धवा गोदावास थाना झंवर जिला जोधपुर शहर, अनिल गोदारा पिता शैतान सिंह विश्नोई उम्र 19 वर्ष निवासी कुड़ी पटाऊ थाना पचपदरा जिला बालोतरा तथा विकास विश्नोई पिता सहीराम विश्नोई उम्र 20 वर्ष निवासी बाबलो की ढाणियां बासनी निकुबा फिटकासणी थाना डांगियावास जिला जोधपुर शहर के कब्जे से कुल 103.7 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए (मिथाइलीनडाई ऑक्सी मेथेमफेटामाइन) एवं घटना में प्रयुक्त कार नम्बर आरजे 19 सीपी 2261 जब्त की। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी उदयपुर शहर में गीतांजली हॉस्पिटल के सामने मनवा खेड़ा रोड स्थित जेकेएस कैफे संचालक निर्मल पुरी पिता अर्जुन पुरी गोस्वामी उम्र 22 वर्ष निवासी सिरासना थाना पादुकला जिला नागौर को एमडीएमए सप्लाई करने आए थे। जिस पर पुलिस ने निर्मल पुरी को भी गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### विन्धम ग्रैंड में मातृ दिवस पर सजी भावनाओं की महफिल

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मातृ दिवस के उपलक्ष्य में झीलों की नगरी उदयपुर स्थित फतेह सागर झील किनारे विन्धम ग्रैंड में





शनिवार शाम मेरी माँ कार्यक्रम का भव्य एवं भावनात्मक आयोजन किया गया। विन्धम ग्रैंड एवं सैंडीज ट्रैवल टेल्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में मातृ शक्ति के निस्वार्थ प्रेम, त्याग, संघर्ष और वात्सल्य को सम्मानपूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, अतिथियों एवं शहरवासियों ने भाग लेकर मातृत्व के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में मेवाड़ पूर्व राजपरिवार की सदस्या निवृत्ति कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपनी माँ की स्मृतियों को साझा करते हुए भावुक क्षणों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि एक माँ का प्रेम ही जीवन की सबसे मजबूत नींव होता है। माँ की दी हुई शिक्षा, उनका धैर्य और उनका शांत लेकिन सशक्त व्यक्तित्व जीवनभर प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि उनकी माँ ने उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहकर समाज के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करना सिखाया। मंचासीन सेवानिवृत्त शिक्षिका मंजूलता त्रिपाठी ने मातृत्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान हर जगह उपस्थित नहीं हो सकता, इसलिए उसने माँ का सृजन किया। उनके विचारों ने उपस्थित जनों को भावुक कर दिया। आयोजन में माँ पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं काव्य प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रतिभागियों ने कविता, गीत एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से माँ के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत में विन्धम ग्रैंड के वाइस प्रेसिडेंट विशाल कपूर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं। अंत में सैंडीज ट्रैवल टेल्स के संदीप राठौड़ ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन निवेदिता ने प्रभावशाली अंदाज में किया।

### जयपुर में 31 मई को होगा हीरोज ऑफ इंडिया अवार्ड 2026



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा आयोजित हीरोज ऑफ इंडिया अवार्ड 2026 का आयोजन 31 मई को जयपुर में किया जाएगा। समारोह में देशभर की विभिन्न प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसी क्रम में उदयपुर की डाक टिकट संग्रहकर्ता डॉ. पुष्पा खमेसरा का चयन फिलेटली क्षेत्र में विशेष योगदान और उल्लेखनीय रिकॉर्ड्स के लिए किया गया है। डॉ. पुष्पा खमेसरा लंबे समय से डाक टिकट संग्रह के माध्यम से ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का कार्य कर रही हैं। उनका चयन उदयपुर के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 11 मई को श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर में

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया। डूंगरपुर।** जिला प्रशासन एवं देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 11 मई को श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के एक हजार वर्ष पूर्ण होने तथा मंदिर के पुनर्निर्माण एवं उद्घाटन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे से विशेष धार्मिक आयोजन होंगे, जिनमें पूजन, रुद्राभिषेक एवं भगवान का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी टीवी के माध्यम से दिखाया जाएगा।

**मदर्स डे पर आचार्य पुण्यसागर महाराज ने बताया मां का महत्व**

## मां की गोद दुनिया की प्रथम पाठशाला है : आचार्य पुण्यसागर महाराज

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर ।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गिंगला में रविवार को आयोजित धर्मसभा में मदर्स डे के अवसर पर आचार्य पुण्यसागर महाराज ने मां के महत्व पर प्रेरणादायी मंगल प्रवचन दिए। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे और आचार्य श्री के प्रवचनों का श्रवण किया। आचार्य पुण्यसागर महाराज ने कहा कि मां की गोद दुनिया की प्रथम पाठशाला है। बच्चा अपनी मां की गोद में रहकर बचपन में जो संस्कार सीखता है, वह दुनिया की कोई भी पाठशाला नहीं सिखा सकती। उन्होंने कहा कि सृष्टि में मां का स्थान सर्वोच्च है और मां के बिना संसार अधूरा है। आचार्य श्री ने कहा कि मां बच्चे की पहली शिक्षिका होती है, जो बिना किसी पुस्तक के जीवन के महत्वपूर्ण संस्कार, व्यवहार, नैतिक मूल्य और आत्मविश्वास प्रदान करती है। मां का वात्सल्य और त्याग ही बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी से माता-पिता के सम्मान एवं सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर धर्मसभा में आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन कर जिनवाणी भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन बाल ब्रह्मचारी वीणा दीदी ने किया।

## श्री मल्लीनाथ दिगंबर जैन मंदिर की पंचकल्याणक प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर दो दिवसीय आयोजन 22 व 23 मई को

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**कार्यक्रम रूपरेखा को लेकर आयोजित हुई बैठक, देशभर से जुटेंगे जैन समाजजन**

**उदयपुर ।** जयसमंद क्षेत्र के निकटवर्ती झाड़ोल स्थित श्री मल्लीनाथ दिगंबर जैन मंदिर की पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की 24वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 22 एवं 23 मई को दो दिवसीय धार्मिक आयोजन होंगे। आयोजन की तैयारियों एवं कार्यक्रम रूपरेखा को लेकर समाजजनों की विशेष बैठक आयोजित की गई। प्रवक्ता अनिल स्वर्णकार ने बताया कि 22 मई को दोपहर में शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन होगा। वहीं रात्रि 7 बजे से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झाड़ोल में देश के प्रसिद्ध हास्य कलाकार अरविंद शुक्ला एवं शिवम दवे द्वारा हास्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

उन्होंने बताया कि 23 मई को आर्यिका चैत्यमती माताजी एवं आर्यिका सुहर्षमती माताजी के सानिध्य तथा बाल ब्रह्मचारी रवि कीर्ति भैया के निर्देशन में भगवान मल्लीनाथ का पंचामृत अभिषेक एवं वृहद शांतिधारा आयोजित होगी। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा मंदिर शिखर पर ध्वजा परिवर्तन का आयोजन भी किया जाएगा।

समाज अध्यक्ष केशुलाल मालवी ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में झाड़ोल सहित मुंबई, अहमदाबाद, नागपुर एवं उदयपुर सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में जैन समाजजन भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि 23 मई का कार्यक्रम झाड़ोल के इतिहास में भव्य एवं यादगार रूप से मनाया जाएगा।

कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर आयोजित बैठक समाज अध्यक्ष केशुलाल मालवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मल्लीनाथ युवा मंच अध्यक्ष संजय चिबोड़िया, झमक नागदा, रमेश सड़ावत, रमेश नागदा, नाथूलाल पिलादरा, पवन सकरावत, महावीर पद्मावत, मनीष सड़ावत, महेंद्र धुरावत सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत घासा थाना पुलिस की कार्रवाई

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत पुलिस थाना घासा ने कार्रवाई करते हुए एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देशन में जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त मावली आशिमा वासवानी के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने प्रकरण संख्या 405/2014 में वांछित स्थाई वारंटी कान्हा उर्फ कन्हैयालाल पुत्र शंकरलाल निवासी सिंदेश्वर खुर्द थाना रेलमगरा जिला राजसमंद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत कल्याणपुर थाना पुलिस की कार्रवाई

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत पुलिस थाना कल्याणपुर ने लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देशन में जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में थानाधिकारी मूंगलाराम के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी कान्तिलाल पिता जयन्तिलाल उम्र 28 वर्ष निवासी निचली कटेव थाना कल्याणपुर जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया।

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत पहाड़ा थाना पुलिस की कार्रवाई

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत पुलिस थाना पहाड़ा ने कार्रवाई करते हुए दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देशन में जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में थानाधिकारी उम्मेदी लाल के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने करीब 13 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी मांगी पत्नी नाथु निवासी बनजारिया हाल टीडी थाना टीडी जिला उदयपुर तथा टॉप-10 सूची में शामिल वांछित अपराधी जितेन्द्र कुमार डामोर पिता चंदुलाल डामोर निवासी डबायचा थाना पाटिया जिला उदयपुर को गुजरात के बनासकांठा दांतीवाड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ न्यायालय से स्थाई वारंट जारी थे।

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत ओगणा थाना पुलिस की कार्रवाई

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत पुलिस थाना ओगणा ने चैक बाउंस मामले में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देशन में जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी झाड़ोल विवेक सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी रामरूप मीणा के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट प्रकरण) न्यायालय उदयपुर के प्रकरण संख्या 7474/18 भवानी क्रेडिट बनाम वक्ताराम कसोटिया में वांछित स्थाई वारंटी वक्ताराम कसोटिया पिता नानाजी निवासी खारा मेलानिया कला थाना ओगणा जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी चैक बाउंस मामले में वांछित चल रहा था।

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत कुराबड़ थाना पुलिस की कार्रवाई

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत पुलिस थाना कुराबड़ ने कार्रवाई करते हुए गौवंश अधिनियम के मामले में 12 वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देशन में जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं पुलिस उप अधीक्षक गिर्वा गोपाल चंदेल के सुपरविजन में थानाधिकारी तेजु सिंह के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने गौवंश अधिनियम के मामले में 12 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी नारायणलाल पिता रूपा उम्र 64 वर्ष निवासी राणाकुड़ी थाना वल्लभनगर जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया।

# नई दिल्ली दौरे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्रियों से की अहम मुलाकात

## राजस्थान की पेयजल, सिंचाई एवं ऊर्जा परियोजनाओं को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





नई दिल्ली/जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली दौरे के दौरान केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात कर राजस्थान से जुड़ी महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से अलग-अलग बैठक कर राज्य में चल रही पेयजल, सिंचाई एवं ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बैठक के दौरान राजस्थान में शहरी विकास कार्यों को गति देने, ऊर्जा क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा आमजन को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा राज्य को मिल रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है। बैठक में जल जीवन मिशन, राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता को सुदृढ़ बनाने और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए केंद्र से निरंतर सहयोग का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी नागरिकों को बेहतर जल एवं ऊर्जा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

बैठक के दौरान दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने राजस्थान सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से राजस्थान में आधारभूत विकास को नई गति मिलेगी तथा आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

# 24 मई को ऐश्वर्या कॉलेज में सजेगा सुरों का महासंगम, शायराना उदयपुर परिवार का भव्य नि:शुल्क संगीत समारोह

### इराक में भारतीय सांस्कृतिक राजदूत डॉ. धीरज प्रकाश जोशी होंगे मुख्य अतिथि, देशभर के कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** संगीत, साहित्य और कला के क्षेत्र में पिछले 15 वर्षों से निरंतर निःशुल्क सेवा दे रहे शायराना उदयपुर परिवार द्वारा 24 मई रविवार को ऐश्वर्या कॉलेज प्रांगण में भव्य संगीत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के ख्यातनाम कलाकार, संगीत प्रेमी और नवोदित प्रतिभाएं अपनी प्रस्तुतियों से सुरों की अनुपम छटा बिखेरेंगी। कार्यक्रम को लेकर शहर सहित आसपास के जिलों के संगीत प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन केवल मनोरंजन का मंच नहीं, बल्कि युवा प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने, भारतीय संगीत परंपरा को प्रोत्साहित करने और नई पीढ़ी को कला से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास है।

समारोह में इराक में भारत के सांस्कृतिक राजदूत डॉ. धीरज प्रकाश जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं देवस्थान विभाग के अतिरिक्त आयुक्त गीतेशश्री मालवीया, टीआरआई सांख्यिकी निर्देशक सुधीर दवे तथा



शहीद गाथा वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मनोज आंचलिया विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

आयोजन के दौरान भजन, गजल, मुर्कियां, लोकगीत, फिल्मी गीत तथा विभिन्न वाद्य यंत्रों की शानदार प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मंच पर अनुभवी कलाकारों के साथ नवोदित प्रतिभाओं को भी अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में देशभर से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को संगीत की विविध विधाओं से रूबरू करवाएंगे।

कार्यक्रम प्रभारी ललित गोयल ने बताया कि शायराना उदयपुर परिवार का उद्देश्य केवल मंच उपलब्ध करवाना नहीं, बल्कि युवा कलाकारों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना भी है। उन्होंने बताया कि पिछले आयोजनों में कई युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से विशेष पहचान बनाई है। गत वर्ष गिटार वादन और गायकी से हेमराज गंधर्व ने प्रथम स्थान प्राप्त कर युवाओं के बीच नई ऊर्जा का संचार किया था।

उन्होंने बताया कि इस बार डूंगरपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा, उदयपुर, कांकरोली, प्रतापगढ़, खेरवाड़ा सहित कई जिलों से कलाकार भाग लेने पहुंचेंगे। कार्यक्रम में संगीत के अनुभवी कलाकार प्रतिभागियों को गायन, स्वर साधना और मंच प्रस्तुति की बारीकियों से भी अवगत कराएंगे।

समारोह में श्रेष्ठ गायकों एवं कलाकारों का चयन अनुभवी जूरी द्वारा किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में महिला प्रतिभागियों के लिए विशेष आकर्षण के रूप में ह्यलता-आशा स्पेशल प्रस्तुतिह्न प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें महिला युगल गीतों की प्रस्तुति देने वाली प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यक्रम समन्वयक आभा सिरसीकर ने बताया कि आयोजन के दौरान आगामी म्यूजिक फेस्टिवल की रूपरेखा की जानकारी भी साझा की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को संगीत की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा देने का सशक्त साधन है।

समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद् डॉ. सीमा सिंह करेंगी। वे मंच पर दिग्गज कलाकार फयाज खान की संगत में अपनी विशेष गायकी की प्रस्तुति भी देंगी।

आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। इसके लिए पूर्व पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। सुबह 10 बजे से प्रवेश प्रारंभ होगा तथा 10:45 बजे के बाद प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। कलाकारों को प्रस्तुति का अवसर ह्यपहले आओ, पहले पाओह्न के आधार पर दिया जाएगा।

शायराना उदयपुर परिवार द्वारा आयोजित यह संगीत समारोह कला, संस्कृति और संगीत प्रेमियों के लिए यादगार आयोजन साबित होने जा रहा है, जहां सुर, संगीत और साहित्य का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

# मोदरान में व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार शिविर की तैयारियां तेज

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल ।** निकटवर्ती ग्राम मोदरान में आयोजित होने वाले चार दिवसीय व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार शिविर की पूर्व तैयारियों को लेकर समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक महामंडलेश्वर रविशिरणानंदगिरी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुई, जिसमें शिविर की व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आगामी 17 से 20 मई तक मोदरान स्थित भीमपुरा रोड पर अणदेश्वर वाटिका सोनी समाज भवन में आयोजित होने वाले व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार शिविर की विस्तृत योजना तैयार की गई। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का पंजीयन कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा अब तक 100 से अधिक विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है।महामंडलेश्वर रविशिरणानंदगिरी महाराज ने कहा कि शिविर पूर्ण अनुशासन एवं समय प्रबंधन आधारित रहेगा, जिसमें बालकों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारित जीवन शैली की शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर युवाओं के चरित्र निर्माण एवं सकारात्मक व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।शिविर संचालक रमेश सोनी पुनासा ने बताया कि शिविर में 200 से अधिक विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए आवास, भोजन, जल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां समिति सदस्यों को सौंपी गई हैं। बैठक में शिविर की दिनचर्या पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रातः 5 बजे जागरण के साथ दिनचर्या प्रारंभ होगी, जिसके बाद प्रातः स्मरण मंत्र, शिविर गीत, योग, प्राणायाम एवं अल्पाहार का आयोजन होगा। इसके पश्चात विभिन्न बौद्धिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें संस्कृति, अध्यात्म, आहार-विहार, आयुर्वेद, नैतिक शिक्षा, सामूहिक वार्ता तथा सोशल मीडिया के लाभ एवं हानि जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# धोरीमन्ना थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 64.383 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त सहित स्कॉर्पियो जब्त, तस्कर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बालोतरा।** जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन विषभंजन के तहत धोरीमन्ना थाना पुलिस, डीसीआरबी एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने स्कॉर्पियो-एन वाहन में तस्करी कर ले जाए जा रहे 64.383 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने रेतीले धोरों, कंटीली तारबंदी और दुर्गम रास्तों के बीच करीब 05 घंटे तक लगभग 19 किलोमीटर पैदल पीछा कर तस्कर को दबोचने में सफलता हासिल की।

पुलिस अधीक्षक बालोतरा रमेश आईपीएस ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार जिले में मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूलसिंह आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी गुड़ामालानी सुखाराम आरपीएस के सुपरविजन में थानाधिकारी दीपसिंह एवं थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह के नेतृत्व में डीसीआरबी, डीएसटी तथा धोरीमन्ना एवं गुड़ामालानी थाना पुलिस की संयुक्त टीमों ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस को जरिए खास मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि एक स्कॉर्पियो वाहन में भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त भरकर तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीमों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए संदिग्ध वाहन का पीछा शुरू किया। इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन के टायर ब्रस्ट किए जाने के बावजूद आरोपी निमार्णाधीन सड़क पर रेत उड़ाते हुए वाहन को तेज गति से भगाकर पुलिस को चकमा देने का प्रयास करते रहे। इसके बावजूद डीसीआरबी, डीएसटी, धोरीमन्ना एवं गुड़ामालानी थाना पुलिस की टीमों ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए पीछा जारी रखा। आरोपी वाहन छोड़कर कंटीली तारबंदी, झाड़ियों और रेतीले धोरों के बीच भाग निकले। पुलिस टीमों ने अंधेरी रात में लगातार करीब 05 घंटे तक लगभग 19 किलोमीटर पैदल पीछा किया। कई बार आरोपी अंधेरे और दुर्गम रास्तों का फायदा उठाकर ओझल हो गए, लेकिन पुलिस टीम ने पदचिन्हों एवं परम्परागत पुलिसिंग के आधार पर पीछा जारी रखा और आखिरकार आरोपी रामजीवन विश्नोई को पकड़ लिया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा।

पुलिस ने स्कॉर्पियो-एन वाहन की तलाशी ली तो उसमें 64.383



किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त भरा हुआ मिला, जिसे नियमानुसार जब्त किया गया। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी रामजीवन पुत्र हनुमानाराम जाति विश्नोई निवासी लच्छिया भुणीया थाना धनाऊ जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया गया है। फरार आरोपी की तलाश एवं तस्करी नेटवर्क के संबंध में गहन अनुसंधान जारी है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चित्तौड़ क्षेत्र से अवैध डोडा पोस्त भरकर प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, सिरोही एवं भीनमाल होते हुए गांधव मार्ग से बालोतरा जिले में प्रवेश करते थे तथा धोरीमन्ना एवं सेड़वा क्षेत्र में इसकी सप्लाई करते थे। तस्करी नेटवर्क का मुख्य सरगना अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त, सप्लाई, एस्कॉर्टिंग, चोरी के वाहन एवं अवैध हथियार उपलब्ध करवाने का काम करता था।

आरोपी रामजीवन ने पूछताछ में बताया कि वह सोशल मीडिया की झूठी चमक-दमक, अपराधी जीवनशैली और जल्दी पैसे कमाने के लालच में इस रास्ते पर चला गया। उसने स्वीकार किया कि अपराध का रास्ता अंततः गिरफ्तारी, बबार्दी और परिवार की बदनामी तक ही पहुंचाता है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि तस्करी में शामिल युवकों को प्रत्येक खेप के बदले 18-18 हजार रुपये दिए जाते थे। आरोपी पुलिस और आमजन की नजरों से बचने के लिए वाहनों की सीटों एवं कांच के नीचे तक डोडा पोस्त छिपाकर परिवहन करते थे। बालोतरा पुलिस ने युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर दिखाई जाने वाली हथियारों की रील, गैंगस्टर संस्कृति और अपराधी जीवनशैली से प्रभावित होकर अपराध का रास्ता न चुनें। युवा अपने भविष्य, शिक्षा और करियर पर ध्यान देकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाएं।

# जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी पी की अध्यक्षता में जिला निष्पादन कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर ।** जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी पी की अध्यक्षता में जिला निष्पादन कमेटी की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मिशन ज्ञान जयपुर के मैनेजिंग डायरेक्टर जिनेन्द्र सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक माया बजाड़, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक नीरज कुमार भास्कर, सीबीईओ जयसमंद प्रीति शर्मा, सीबीईओ झल्लारा नगेन्द्र मेहता सहित शिक्षा विभाग के विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान मिशन ज्ञान जयपुर के मैनेजिंग डायरेक्टर जिनेन्द्र सोनी ने स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब तथा आईएफपीडी के प्रभावी उपयोग पर चर्चा करते हुए तकनीक के अधिकतम उपयोग से शिक्षा क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त करने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी पी ने आगामी शैक्षणिक सत्र में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षाओं का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करने, कमजोर विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम में सुधार लाने तथा उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों में स्वच्छ एवं कार्यशील शौचालय सुनिश्चित करने, पुस्तकालयों का अधिकतम उपयोग कराने तथा विद्यार्थियों में पठन संस्कृति विकसित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं विद्यालयों में खेल सहित अन्य आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के निर्देश भी दिए।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा प्रत्येक विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग समन्वित प्रयासों के माध्यम से जिले को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करे।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा के स्तर से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत झाड़ोल थाना पुलिस की कार्रवाई

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत पुलिस थाना झाड़ोल ने नकबजनी के मामले में चार वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को डिटेन कर बड़ी सफलता हासिल की है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देशन में जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी झाड़ोल विवेक सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी फेलीराम मीणा के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने थाना देलवाड़ा जिला राजसमंद के प्रकरण संख्या 11/22 धारा 457, 380 भादसं में चार वर्षों से फरार एवं टॉप-10 सूची में वांछित स्थाई वारंटी प्रेमलाल उर्फ नानालाल पिता बाबूलाल उम्र 25 वर्ष निवासी आवरड़ा जिला उदयपुर को डिटेन कर थाना देलवाड़ा पुलिस के सुपुर्द किया। आरोपी नकबजनी के मामले में वांछित चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### बाघपुरा थाना पुलिस की कार्रवाई

## राहगीरों से लूट करने वाले 2 शातिर आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के बाघपुरा थाना क्षेत्र में राहगीरों से लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया सामान बरामद किया है।

प्रकरण में प्रार्थी राहुल दामा पुत्र थावराजी निवासी सागवाड़ा रेठड़ा थाना बावलवाड़ा ने रिपोर्ट दी कि वह अपने साथी संजय के साथ मोटरसाइकिल से मादड़ी सामान लेने गया था। वापस लौटते समय खाटीकमदी नाड़ा के पास मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों ने तलवार दिखाकर उन्हें डरा-धमकाया और संजय का मोबाइल तथा मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गए। मामले में थाना बाघपुरा पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी झाड़ोल विवेक सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी वेलाराम के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने आसूचना एवं तकनीकी सहयोग से आरोपी महेन्द्र धनात पुत्र नवला खातु एवं गोविन्द धनात पुत्र नवला खातु निवासी खाटीकमदी थाना बाघपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और तलवार बरामद की गई है। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### खेरवाड़ा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## ट्रामाडोल कैप्सूल सहित 02 आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल जब्त

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में अवैध नशीली दवाइयों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खेरवाड़ा थाना पुलिस




ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 60 एएस-एसपीए-प्रो कैप्सूल (ट्रामाडोल) जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नशीली दवाइयों के परिवहन में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृत्ताधिकारी वृत्त ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में थानाधिकारी करनाराम जाट के नेतृत्व में टीम ने बाजारियां ओवरब्रिज के पास कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस टीम ने संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रोककर तलाशी ली तो उनके कब्जे से 60 एएस-एसपीए-प्रो कैप्सूल (ट्रामाडोल) बरामद हुए। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर परिवहन में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। मामले में पुलिस थाना खेरवाड़ा पर प्रकरण संख्या 143/2026 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। पुलिस थाना खेरवाड़ा द्वारा ट्रामाडोल कैप्सूल के विरुद्ध पिछले 08 माह में यह तीसरी बड़ी कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपीः महेश पिता कालू उम्र 25 वर्ष निवासी गुवाली धकनिया फला पुलिस थाना बिछीवाड़ा जिला डूंगरपुर एवं सुरेश पिता हजारीलाल उम्र 23 वर्ष निवासी भुवाली धकनिया फला पुलिस थाना बिछीवाड़ा जिला डूंगरपुर।

## कोडी गौ शाला में भामाशाह सुरेश राजपुरोहित ने भेंट की टेक्टर टोली

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल @ पदमावत मीडिया।** निकटवर्ती ग्राम कोड़ी में गौ शाला में भामाशाह राजपुरोहित



सुरेशकुमार पुत्र वालाराम समेलाराम ओखोणी खाण्डादेवल ने टेक्टर टोली भेंट की। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि आडेश्वर गौशाला कोड़ी में न्यू टेक्टर टोली भेंट की गई। इस अवसर पर गौशाला परिवार द्वारा भामाशाह का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। गोपालसिंह चम्पावत ने कहा कि गौ माता की सेवा करने से इस लोक नहीं परलोक की भी नैया पार लगाती है। इस अवसर पर राजुराम पुरोहित, खेताराम, प्रकाश पुरोहित, लीलाराम चौधरी, रणजितसिह, हरिश पुरोहित आलडी, बगदाराम प्रजापत कोडी, नरपत पुरोहित कोडी सहित कई गाँव वासियों ने आभार प्रकट किया ।

# ग्राम विकास चौपाल में मुख्यमंत्री शर्मा ने महिलाओं से किया संवाद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**पुष्कर/जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को पुष्कर के कड़ैल गांव में आयोजित ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में भाग लेकर राजीविका से जुड़ी महिलाओं से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहलें की गई हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव गांव-गांव तक दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के सम्मान और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए घर-घर शौचालय निर्माण, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण, हर घर नल से जल तथा जन-धन खातों के माध्यम से योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए मा वाउचर योजना संचालित की जा रही है। बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूटी वितरण किया जा रहा है। साथ ही लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाएं कृषि सखी, बैंक सखी, पशु सखी और ड्रोन दीदी जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाकर आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीविका के माध्यम से प्रदेश में अब तक 17.5 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। राज्य सरकार महिलाओं को टेबलेट वितरण भी कर रही है, जिससे वे तकनीक से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें।






मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाले ऋण की सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये कर दी है। साथ ही ब्याज दर को 2.5 प्रतिशत से घटाकर 1.5 प्रतिशत किया गया है, जिससे महिलाओं को स्वरोजगार के लिए अधिक सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए लगातार भर्तियां निकाल रही है तथा स्वरोजगार शुरू करने वाले युवाओं को बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने महिला नेतृत्व को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की यह पहल देश में महिला नेतृत्व को नई दिशा देगी।

कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री ने ग्राम विकास रथ एवं कला जत्थों का अवलोकन किया तथा ग्रामीणों से संवाद भी किया। चौपाल कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि राजीविका और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

डाटा सखी प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़कर उन्हें आर्थिक मजबूती मिली तथा राजीविका के माध्यम से मिले ऋण से उन्होंने पशुपालन कार्य शुरू किया। पशु सखी लक्ष्मी कंवर ने कहा कि पहले वह साधारण गृहणी थीं, लेकिन अब पशुपालन के माध्यम से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं।

लखपति दीदी नंदू कंवर ने बताया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर सिलाई कार्य शुरू किया और अब अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ रही हैं। वहीं पशुपालन क्लस्टर मैनेजर शीतल कंवर ने बताया कि राजीविका के माध्यम से उन्हें नेतृत्व का अवसर मिला और आज उनकी वार्षिक आय 2 लाख रुपये से अधिक है। सोलर दीदी क्लस्टर कॉर्डिनेटर सिमरन सैनी ने कहा कि राजीविका ने उन्हें शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान किए, जिससे आज वह कई गांवों में कार्य कर रही हैं और आर्थिक रूप से सक्षम बनी हैं।

इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, राज्य किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, विधायक अनिता भदेल, रामस्वरूप लांबा, शंकर सिंह रावत सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संगीन एवं गंभीर अपराधियों के विरुद्ध उदयपुर पुलिस की बड़ी कार्वाई, विशेष अभियान में 24 अपराधी गिरफ्तार

### 06 हार्डकोर अपराधी, 02 इनामी अपराधी, 15 टॉप टेन अपराधी एवं 01 आरोपी आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महानिदेशक पुलिस राजस्थान के निदेर्शानुसार जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में उदयपुर पुलिस द्वारा विभिन्न श्रेणी के अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। हार्डकोर अपराधियों, इनामी अपराधियों, गैंग एवं गैंगस्टर, जिला, वृत्त एवं थाना स्तर के टॉप टेन अपराधियों तथा अवैध हथियार रखने और उपयोग करने वाले अपराधियों के खिलाफ 03 दिवसीय विशेष अभियान 09 मई 2026 से 11 मई 2026 तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 10 मई 2026 को उदयपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 06 हार्डकोर अपराधियों, 02 इनामी अपराधियों, 15 टॉप टेन अपराधियों तथा 01 आरोपी को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया।

### गिरफ्तार / चेक हार्डकोर अपराधी

हरिश पिता कालूलाल निवासी बोसलाटी, पाटिया, जिला उदयपुर।

सलीम उर्फ टुटु पिता मागूर खां मुसलमान उम्र 45 साल निवासी हीरावास थाना फतहनगर जिला उदयपुर।

करण सिंह पिता पन्ने सिंह निवासी मन्देरिया थाना डबोक जिला उदयपुर।

अर्जुन पिता भगवाना उम्र 47 साल निवासी बिलख फला कलावत थाना ऋषभदेव जिला उदयपुर।

डूंगरलाल पिता मोतीराम उम्र 42 साल निवासी उगमणा कोटड़ा थाना ऋषभदेव जिला उदयपुर।

नरेन्द्र सिंह उर्फ सोनू पिता महेन्द्र सिंह हाल निवासी मेघावास थाना प्रतापनगर जिला उदयपुर।

### गिरफ्तार इनामी अपराधी

जीतु कुमार उर्फ जितिया पिता हीमा निवासी झाबुआ टिचारा थाना माण्डवा। जिस पर 3000 रुपये का इनाम




घोषित था।

लक्ष्मण पिता सवाराम उम्र 26 वर्ष निवासी मालवा का चोरा पुलिस थाना बेकरिया जिला उदयपुर। जिस पर 10000 रुपये का इनाम घोषित था।

### गिरफ्तार टॉप टेन अपराधी

दीपक भोई पिता सुरेश भोई उम्र 21 वर्ष निवासी टीला खेड़ा थाना प्रतापनगर उदयपुर।

रणजीत कुमार पिता कुँवरपाल कुमार उम्र 21 वर्ष निवासी गांव धबियाना पोस्ट मोई थाना ओरास जिला उन्नाव उत्तरप्रदेश हाल सीसारमा थाना नाई जिला उदयपुर।

देवेन्द्र गमेती पिता माधुलाल गमेती उम्र 19 वर्ष निवासी मटुन थाना हिरणमगरी उदयपुर।

मोहनलाल पिता अमरचंद गमेती उम्र 23 वर्ष निवासी मटुन थाना हिरणमगरी उदयपुर।

शंकरलाल गमेती पिता मदनलाल गमेती उम्र 22 वर्ष निवासी मटुन थाना हिरणमगरी उदयपुर।

किशनलाल पिता प्यारेलाल गमेती उम्र 22 वर्ष निवासी मटुन थाना हिरणमगरी उदयपुर।

कान्तिलाल पिता जयन्तिलाल मीणा उम्र 28 वर्ष निवासी निचली कटेव पुलिस थाना कल्याणपुर जिला उदयपुर।

नरेन्द्र पानेरी पिता मागीलाल उम्र 37 साल निवासी गमेती मोहल्ला होली चौक पानेरियों की मादड़ी हिरणमगरी।

कमला उर्फ फुली मीणा पिता रामलाल मीणा निवासी बिलख फला गोरिम्बा थाना ऋषभदेव।

दिनेश उर्फ कवराराम पिता वालाराम गरासिया उम्र 22 वर्ष निवासी मुजायलिया फला डांग पुलिस थाना बेकरिया जिला उदयपुर।

सुन्दरलाल पिता मोतीलाल सुथार उम्र 27 साल निवासी तुरकिया रख्यावल थाना छावनी।

प्रेमलाल उर्फ नानालाल पिता बाबूलाल पारगी भील उम्र 25 साल निवासी आवरडा थाना झाड़ोल जिला उदयपुर।

जितेन्द्र पिता चंदूलाल डामोर निवासी डबायचा डामोर फला वाव थाना पाटिया।

ज्ञाना उर्फ सुनील पिता देवीलाल निवासी खरपीणा बस स्टैंड के पास थाना गोवर्धन विलास उदयपुर।

अमित जैन पिता बंसतीलाल निवासी 311 महावीर कॉम्पलेक्स, न्यू अश्विनी बाजार, तैयाबिया स्कूल के पास, देहलीगेट धानमंडी उदयपुर।

### आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार आरोपी

डालसिंह पिता लक्ष्मण सिंह उम्र 55 साल निवासी बाजो का फला राणी डुंगला थाना खेरोदा जिला उदयपुर। आरोपी के कब्जे से एक नाल टोपीदार बंदूक जब्त की गई। इसी विशेष अभियान के तहत 09 मई 2026 को भी उदयपुर पुलिस द्वारा 11 हार्डकोर, इनामी एवं टॉप टेन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था।

जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि अपराध एवं अपराधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## नारायण सेवा में मदर्स डे पर दिव्यांग बच्चों संग भावनात्मक आयोजन



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** नारायण सेवा संस्थान के बड़ी परिसर में रविवार को मदर्स डे संवेदनापूर्ण वातावरण में मनाया गया। देशभर से उपचार एवं सेवा के लिए आए दिव्यांग बच्चों और उनकी माताओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में ममता और अपनत्व का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों की माताओं का सम्मान किया गया तथा बच्चों को उपहार एवं स्मृति चिह्न भेंट किए गए। बच्चों की मुस्कान और माताओं के चेहरे पर संतोष का भाव आयोजन का विशेष आकर्षण रहा। संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने कहा कि माँ हर परिस्थिति में अपने बच्चों का संबल बनकर उनके जीवन को संवारती है। विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की माताएँ त्याग, धैर्य और समर्पण की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान दिव्यांग परिवारों को उपचार के साथ भावनात्मक सहयोग भी प्रदान कर रहा है ।कार्यक्रम में सेवा, संवेदना और मातृत्व का भावपूर्ण वातावरण रहा। इस दौरान संस्थान के कई साधक उपस्थित रहे।

## मुस्कान क्लब में हाउजी शैली में खेली गई अंताक्षरी



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुस्कान क्लब के साप्ताहिक विशेष आयोजन में इस बार अंताक्षरी को हाउजी शैली में अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया गया। रोचक गतिविधियों से भरपूर आयोजन में क्लब सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत ईश्वर भजन से हुई। इसके बाद प्रतिभागियों को सात टीमों में विभाजित किया गया तथा विभिन्न राउंड आयोजित किए गए। पोस्टर राउंड कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसे सदस्यों ने खूब सराहा। प्रतियोगिता में अंकों के आधार पर अजीत सिंह खींची एवं रेणु माथुर की टीम प्रथम रही। अशोक कुमार जोशी, प्रभुलाल जैन एवं रतन मेहनोत की टीमों को संयुक्त द्वितीय स्थान मिला, जबकि दिनेश तिवारी की टीम तृतीय स्थान पर रही।

# रनेला शक्तिपीठ में तीन दिवसीय भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ, उमड़ेगा आस्था का महासैलाब

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : ईश्वरलाल सुथार**

**सलूंबर।** राजस्थान के सलूंबर जिले के रनेला गांव से इस समय की सबसे बड़ी धार्मिक और आध्यात्मिक खबर सामने आ रही है। रनेला स्थित ह्यश्री कृष्णा कल्याण मुख्य शक्तिपीठ धामह्व में श्री श्री 1008 शेषावतार कल्लाजी राठौड़, नागणेचा माताजी एवं अम्बा जी की प्रतिमाओं की भव्य प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय विशाल धार्मिक महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। 10 से 12 मई तक आयोजित होने वाले इस महाआयोजन में धर्म, संस्कृति, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

रनेला धाम में आयोजित यह भव्य धार्मिक




आयोजन परमपूज्य गुरुदेव महंत श्री शम्भु सिंह जी राठौड़ एवं बावजी महेंद्र सिंह जी राठौड़ के सानिध्य में पूर्ण वैदिक विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न किया जा रहा है। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है तथा गांव से लेकर आसपास के क्षेत्रों तक उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

महोत्सव की शुरूआत 10 मई को हेमाद्री स्नान, प्रायश्चित कर्म एवं शतचंडी पाठ के साथ हुई। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी और धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

11 मई को सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीतों के साथ शामिल होंगी। इसके पश्चात जलाधिवास एवं विशेष पूजा-अर्चना होगी। शाम को विशाल महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन रात्रि में सुप्रसिद्ध भजन गायक कमलेश राव एवं सुरेश गहलोत अपनी भजनों की प्रस्तुतियों से भक्तिमय समां बांधेंगे।

12 मई का दिन इस महोत्सव का सबसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण होगा, जब दोपहर 12 बजकर 26 मिनट पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद शाम 4 बजकर 16 मिनट पर पूणार्हुति एवं विशाल महाप्रसाद के साथ आयोजन का समापन होगा।

इस धार्मिक महोत्सव की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें राजनीति, समाज और राजघराने की कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। 11 मई को राजस्थान सरकार के राजस्व मंत्री हेमंत मीणा एवं जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं सांसद मन्नालाल रावत, विधायक शांता देवी मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि भी समारोह में भाग लेंगे।

12 मई को कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण मेवाड़ राजघराने के डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ रहेंगे, जिनकी उपस्थिति आयोजन की गरिमा को और बढ़ाएगी। साथ ही वरिष्ठ नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीया एवं डॉ. दयाराम परमार सहित अनेक विशिष्ट अतिथि भी समारोह में शिरकत करेंगे।

सेवक भवानी सिंह राठौड़, मदन सिंह राठौड़ एवं समस्त रनेला ग्रामवासियों द्वारा इस महोत्सव की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी एवं फूलों से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भोजन, पानी, आवास एवं सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

आयोजकों के अनुसार इस धार्मिक आयोजन में राजस्थान के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों से श्रद्धालु एवं साधु-संत पहुंच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बालोतरा के आसोतरा, ब्रह्म मंदिर में की पूजा-अर्चना

**जयपुर/बालोतरा @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे रविवार को





बालोतरा जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल आसोतरा ब्रह्म मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के मंदिर पहुंचने पर मंदिर ट्रस्ट एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित शिव धूनी के दर्शन किए तथा माता सावित्री के साथ भगवान ब्रह्मा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। राज्यपाल ने मंदिर की धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्ता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आस्था केंद्र भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

### कृष्ण जन्मोत्सव की धुन पर झूम उठा कानपुर गांव

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** कानपुर गांव में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की मनोहारी झांकी ने श्रद्धालुओं को






भावविभोर कर दिया। कथा व्यासपीठ से भागवताचार्य संत कृष्णानंद जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण अवतार प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए धर्म और भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा आत्मकल्याण का श्रेष्ठ मार्ग है तथा जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के अंत में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य झांकी सजाई गई। जैसे ही वासुदेव स्वरूप बालकृष्ण को सूप में लेकर कथा परिसर पहुंचे, पूरा पांडाल नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की धुन से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते नजर आए। इस दौरान श्रद्धालुओं पर टॉफियां, मिसरी, लड्डू एवं खिलौनों की वर्षा की गई तथा अंत में सपरिवार आरती कर सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई।

### जिला चिकित्सालय अंबामाता उदयपुर की बडी उपलब्धि- लक्ष्य राष्ट्रीय प्रमाणन हासिल

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** अंबामाता स्थित आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर से सम्बद्ध श्री सुंदर सिंह भंडारी राजकीय जिला चिकित्सालय ने मातृत्व सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर का ह्ललक्ष्यह्न प्रमाणन प्राप्त किया है। यह सम्मान प्राप्त करने वाला उदयपुर का दूसरा अस्पताल बन गया है। पिछले वर्ष नवम्बर में हिरण मगरी स्थित सैटेलाइट चिकित्सालय को लक्ष्य प्रमाणीकरण मिला था। आरएनटी प्रिंसिपल डॉ राहुल जैन ने बताया कि 10 अप्रैल को दिल्ली से आई दो विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम डॉ अन्जु पूनिया, डॉ ओम प्रकाश ने अस्पताल का विस्तृत मूल्यांकन किया। टीम ने अस्पताल के बुनियादी ढांचे, उपकरणों, मानव संसाधन, गुणवत्ता प्रक्रियाओं और प्रसुता महिलाओं की सम्मानजनक देखभाल से जुड़े मानकों की गहन समीक्षा की। मूल्यांकन टीम ने अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर की गुणवत्ता, स्टाफ की कार्यकुशलता और मरीजों से लिए गए सकारात्मक फीडबैक की विशेष सराहना की।

# विशेष निरोधात्मक अभियान में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# प्रदेशभर में 290 गिरफ्तार, 906 अभियोग दर्ज, 2 लाख 36 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट









पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेशभर में अवैध मदिरा निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष निरोधात्मक अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा नाकाबंदी, गश्त एवं दबिश की कार्रवाई करते हुए विभिन्न जिलों में अवैध शराब जब्त कर बड़ी मात्रा में वॉश नष्ट किया गया तथा अभियोग दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में 1 मई से 9 मई 2026 तक प्रदेशभर में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कुल 906 अभियोग दर्ज करते हुए 290 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के तहत 10 लाख 19 हजार 206 रुपये मूल्य की 3799 लीटर देशी मदिरा, 9 लाख 24 हजार 500 रुपये मूल्य की 926 लीटर भारत निर्मित विदेशी मदिरा, 3 लाख 18 हजार 660 रुपये मूल्य की 1443 लीटर बीयर तथा 6255 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई। इसके अलावा 2 लाख 36 हजार 282 लीटर वॉश नष्ट किया गया। अभियान के दौरान आबकारी विभाग ने 8 बड़े वाहन, 2 हल्के चार पहिया वाहन एवं 23 दुपहिया वाहनों सहित कुल 33 वाहनों को भी जब्त किया है।

**जीरो टोलरेंस नीति के तहत लगातार हो रही कार्रवाई**

आबकारी विभाग द्वारा अन्य राज्यों से शराब तस्करी, अवैध मदिरा परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध जीरो टोलरेंस नीति अपनाते हुए निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जयपुर शहर दक्षिण आबकारी टीम ने आरपीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की 28 बोतलें बरामद कर अभियोग दर्ज किया।

बांसवाड़ा में आबकारी निरोधक दल ने कुशलगढ़ क्षेत्र में दबिश देकर मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब के 20 पव्वे एवं हथकड़ शराब की 15 बोतलें जब्त की तथा एक हजार लीटर वॉश नष्ट किया। सिरोही में 250 लीटर वॉश सहित शराब भट्टी के उपकरण नष्ट किए गए तथा 4 लीटर अवैध हथकड़ शराब बरामद की गई।

अलवर पूर्व ईपीएफ टीम एवं रेलवे पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की 35 बोतलें जब्त की गईं। भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में दबिश देकर 4 हजार लीटर वॉश नष्ट किया गया तथा 209 लीटर अवैध हथकड़ शराब बरामद की गई।

पाली जिले में कार्रवाई के दौरान 1500 लीटर वॉश एवं 4 पुरानी भट्टियां नष्ट की गईं तथा मौके से 8 लीटर हथकड़ शराब बरामद हुई। वहीं कोटा में भारतमाला एक्सप्रेस वे पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन तलाशी ली गई।

आबकारी विभाग के अनुसार प्रदेशभर में समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रहे हैं तथा आगामी दिनों में भी अभियान और अधिक सख्ती से जारी रहेगा।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 11 मई को, सलूंबर के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जयसमंद में होगा जिला स्तरीय भव्य आयोजन

### प्रधानमंत्री की उपस्थिति में सोमनाथ से होगा लाइव प्रसारण, शिवालयों में होंगे विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष तथा मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 मई 2026 को देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जाएगा। कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार आयोजित इस विशेष पर्व के अंतर्गत राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार तथा कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग एवं देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में राज्य एवं जिला स्तर पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर राज्य के प्रमुख शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में आयोजित होगा, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देशभर के प्रमुख शिवालयों में किया जाएगा।




वहीं जयपुर के झारखंड महादेव मंदिर में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा।

**नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जयसमंद बनेगा आयोजन का केंद्र**

जिला स्तर पर सलूंबर में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जयसमंद में मुख्य आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. ने बताया कि जिलेभर में व्यापक जनभागीदारी के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख मंदिरों एवं शिवालयों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर आकर्षक साज-सज्जा और रोशनी की जाएगी।

इस अवसर पर महिलाओं की सहभागिता से भव्य कलश यात्राएं निकाली जाएंगी तथा मंदिरों में शिव भजन, कीर्तन और आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन को लेकर प्रशासन ने सभी विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल आपूर्ति, एवीवीएनएल को निर्बाध विद्युत व्यवस्था तथा चिकित्सा विभाग को मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे 11 मई को नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जयसमंद में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना एवं कार्यक्रमों में भाग लेकर इस ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण पर्व के सहभागी बनें।

## लाइफ लाइन हॉस्पिटल में बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन, महिला को मिली राहत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



**भीनमाल ।** स्थानीय लाइफ लाइन हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने एक महिला की बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन कर उसे लंबे समय से चली आ रही गंभीर समस्या से राहत दिलाई। ऑपरेशन की सफलता के बाद मरीज एवं उसके परिजनों ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जसवंतपुरा निवासी मुमताज बानो उम्र 35 वर्ष लंबे समय से पेट दर्द एवं अत्यधिक रक्तस्राव की समस्या से पीड़ित थीं। महिला ने पूर्व में गुजरात के कई अस्पतालों में उपचार करवाया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। लगातार परेशानी बढ़ने पर महिला उपचार के लिए भीनमाल स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल पहुंची। अस्पताल के पीआरओ ने बताया कि महिला का परीक्षण करने के बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आशु पटेल ने ऑपरेशन की सलाह दी। मरीज एवं परिजनों की सहमति के बाद सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया, जिसमें करीब 10 सेंटीमीटर की गांठ निकालकर महिला को गंभीर बीमारी से राहत दिलाई गई। ऑपरेशन के दौरान डॉ. एम.एम. जांगीड, जोराराम, कृष्णकुमार चौधरी, पारस मेघवाल एवं विशाला ने सहयोग प्रदान किया। डॉ. आशु पटेल ने बताया कि ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मरीज अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है। महिला के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद परिजनों में खुशी का माहौल है।

## कागवराह श्याम मंदिर के रखरखाव को लेकर बैठक आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



भीनमाल । काग वराहश्याम मंदिर प्रांगण में नगर के गणमान्य नागरिक बंधुओं की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता वराहश्याम ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम खेतावत ने की । बैठक में कागवराह श्याम मंदिर भूमि, कंचन सरोवर, कुम्हारखेडा व मानसरोवर के भू खण्ड के रखरखाव को लेकर नगर के नागरिकों ने इस भूमि को स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सम्पूर्ण भूमि का पेमाना नाप करवाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया। मंगलवार को कागवराह श्याम मंदिर की भूमि का नाप, कंचन सरोवर, कुम्भार खेड़ा व मान सरोवर की भूमि का पैमाना नाप प्रशासन के सहयोग से करवाया जायेगा। कागवराह श्याम मंदिर के रखरखाव के सम्बन्ध में सभी बंधुओं की उपस्थिति में इस भूमि पर अंकित चिन्ह के तौर पर निशान पत्थर सिला के तीन तीन फूट के टूकडे लगायें जाने का निर्णय भी लिया गया । इस अवसर पर श्याम खेतावत, भवरसिंह राव, राजूसिंह माली, सी एल गहलोत, मेघराज माली, विक्रमसिंह आर्य, वचनाराम बंजारा, सुमेराराम माली, जगताराम माली, प्रभुराम जीनगर, शंकरलाल माली, जबराराम भाटी, पुखराज माली, गणेशाराम जाट, इन्द्रसिंह राव, मथूरादास वैष्णव सहित कई नगरवासी उपस्थित थे।

## त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज बैंक समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से की स्व-गणना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर ।** भारत की प्रथम डिजिटल जनगणना अभियान के तहत त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज बैंक समिति, सेक्टर 14 उदयपुर के समस्त सदस्यों ने सामूहिक रूप से स्व-गणना कार्य पूर्ण कर जागरूक नागरिक होने का परिचय दिया। समिति के 64 सदस्यों ने अम्बे माताजी मंदिर परिसर में एकत्रित होकर डिजिटल माध्यम से अपनी स्व-गणना की।

इस अवसर पर फील्ड ट्रेनर एवं अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनीष जोशी तथा प्रधानाचार्य संतोष व्यास विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को डिजिटल जनगणना के महत्व, प्रक्रिया एवं इसके राष्ट्रीय उपयोगिता संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए सभी को स्व-गणना में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। समिति अध्यक्ष कृष्णकांत व्यास एवं सचिव यतिन जोशी ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल जनगणना देश के विकास और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने समाजजनों से अपील की कि वे 15 मई तक अपने-अपने घरों की स्व-गणना अवश्य पूर्ण करें तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने डिजिटल तकनीक के माध्यम से जनगणना प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बताते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया। आयोजन के माध्यम से समाज में जनगणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सकारात्मक संदेश भी दिया गया।

## 50 दिवसीय योग काउंटडाउन के तहत सहेलियों की बाड़ी में हुआ सामूहिक योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में चल रहे 50 दिवसीय योग काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार प्रातः उदयपुर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एवं ऐतिहासिक धरोहर सहेलियों की बाड़ी में सामूहिक योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग प्रेमियों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर योग के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

सहायक निदेशक भानु कुमार जैन ने बताया कि 50 दिवसीय योग काउंटडाउन श्रृंखला के तहत जिले के विभिन्न ऐतिहासिक, पर्यटन एवं सार्वजनिक स्थलों पर योग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में सहेलियों की बाड़ी में योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि आगामी रविवार को गोवर्धन सागर पाल पर भी योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास आयोजित किया जाएगा तथा अधिक से अधिक नागरिकों से इसमें भाग लेने की अपील की।

योग समन्वयक एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. शोभालाल औदीच्य ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जन-जन तक पहुंचाने तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से जिलेभर में लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का प्रभावी माध्यम है। वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। डॉ. विक्रम खराड़ी, योगी अशोक जैन, प्रेम जैन, भावना, विमला सिंह, पूजा एवं मैना जैन ने सामूहिक रूप से योग प्रोटोकॉल करवाते हुए प्रतिभागियों को विभिन्न आसनों की सही विधि एवं उनके लाभों की जानकारी दी। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, शशांकासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा मानसिक तनाव, मोटापा, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं में लाभ मिलता है।

सुरेश पालीवाल द्वारा योग निद्रा का अभ्यास भी करवाया गया। योग निद्रा के माध्यम से प्रतिभागियों को मानसिक शांति, एकाग्रता एवं तनाव मुक्ति का अनुभव कराया गया। शांत एवं प्राकृतिक वातावरण में कराई गई योग निद्रा ने उपस्थित लोगों को विशेष रूप से आकर्षित किया। प्रतिभागियों ने बताया कि योग निद्रा से उन्हें मानसिक सुकून एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ।

कार्यक्रम स्थल पर सुबह का मनमोहक वातावरण, हरियाली एवं फव्वारों की सुंदरता आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान कर रही थी। सहेलियों की बाड़ी जैसे ऐतिहासिक एवं पर्यटन महत्व के स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम ने योग के प्रति लोगों में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया।

इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मनोहर सिंह भी मौजूद रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों को नियमित योग करने तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन में अधिकाधिक लोगों को जोड़ने का संकल्प दिलाया गया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।